SVB Library

श्रीछिन्नमस्ता नित्यार्चन

(पञ्चाङ्ग-सहित)

ST-47

श्री छिन्नमस्ता नित्यार्चन

(पञ्चाङ्ग-सहित)

★★★

लेखक

'राष्ट्र-गुरु' श्री १००८ श्री स्वामीजी महाराज

श्रीपीताम्बरा-पीठ, दतिया (म०प्र०)

मन्दिर पुस्तकालय
१५८

प्रकाशक
कल्याण मन्दिर प्रकाशन
अलोपीबाग मार्ग, इलाहाबाद—२११००६

तीसरा संस्करण,

कार्तिक पूर्णिमा २०५१ वि०, १८-११-९४

श्री छिन्नमस्ता-पूजा-यन्त्र



मुद्रक
परा वाणी प्रेस
अलोपीबाग मार्ग
इलाहाबाद—२११००६

अनुक्रमणिका

प्राक्कथन	...	१-२६
प्रातः कृत्य	...	२६-२८
१ गुरु-स्मरण	...	२६
२ पर-देवता-स्मरण	...	२८
स्नान और सन्ध्योपासना	...	२९-३१
१ स्नान	...	२९
२ सन्ध्योपासन	...	३०
नित्यार्चन	...	३२-६६
१ द्वार-पूजा	...	३२
२ पूजा-गृहादि-शोधन	...	३३
३ भूत-शुद्धि	...	३४
४ प्राण-प्रतिष्ठा	...	३६
५ बहिर्मातृका-न्यास	...	३७
६ मूलमन्त्र-प्राणायाम	...	४०

७ मन्त्राचमन ... ४०
८ वीज-न्यास ... ४१
९ इष्ट-पूजा का प्रारम्भ ... ४१
१० षोडशोपचार-पूजन ... ५२
११ आवरण-पूजन ... ५९
१२ मन्त्र-जप आदि ... ६४
१३ विसर्जन ... ६५
परिशिष्ट ... ६७-९९
१ ब्रह्म-कृतं छिन्नमस्ता-स्तोत्रम् ... ६७
२ त्रैलोक्य-विजय कवचम् ... ६९
३ अष्टोत्तर-शत-नाम स्तोत्रम् ... ७३
४ श्री छिन्नमस्ता-क्रम-मन्त्राः ... ७५
५ श्री छिन्नमस्ता हृदय स्तोत्रम् ... ७८
६ श्री छिन्नमस्ता सहस्रनाम ... ८१

प्राक्कथन

तामग्नि-वर्णां तपसा ज्वलन्तीं वैरोचनीं कर्म-फलेषु जुष्टाम्। दुर्गां देवीं शरणमहं प्रपद्ये सुतरां नाशयते तमः ॥ (दे० ४)

अग्नि के समान रक्त-वर्ण वाली, तप से सदैव प्रज्वलित, कर्म-फल की इच्छावाले साधकों से सेवित, वैरोचनी दुर्गा देवी के शरण जाता हूँ, जो कि अज्ञानान्धकार को अपने आप नाश कर देती हैं, या जिसके प्रभाव से अज्ञान स्वयमेव नष्ट हो जाता है।

श्री आचार्य क्षेमराज शक्ति-सूत्र 'प्रत्यभिज्ञा-हृदय' में शक्ति-पदार्थ का लक्षण करते हुये कहते हैं—

चितिः स्वतन्त्रा विश्व-सिद्धि-हेतुः (प्र० ६)

जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और संहार की सिद्धि 'चिति' महाशक्ति द्वारा ही होती है, और वह स्वतन्त्र है। महाशक्ति के अनुग्रह और तिरोधान ये दो कृत्य तन्त्रों में और भी माने गये हैं; इसलिये उसे 'पञ्च-कृत्य-कारिणी' भी कहते हैं। अनुग्रह, तिरोधान को बन्ध और मोक्ष-पद से कहा जाता है, समस्त सिद्धियों का हेतु वह महाशक्ति ही है, क्योंकि योगी उसकी

कृपा से ही सिद्धियों को पाता है; यह दूसरा अर्थ भी सूत्र का किया जाता है। सारा विश्व उसी का परिणाम है। सभी पदार्थ उसी से विकसित हो रहे हैं। सबमें उसी की सत्ता है, और सब वही है। यह शाक्त-दर्शन का अन्तिम निर्णय है। इस तत्त्व का साक्षात् करने के लिये साधना-पद्धतियों का निर्माण महर्षियों ने किया है। उनमें भिन्न-भिन्न उसके रूप और प्रकार नियत किये गये हैं, तथापि मुख्यतः साधक महापुरुषों ने दस रूपों में उसकी पूर्ण विभूति का अनुभव करके कृतकृत्यता लाभ किया है; जिन्हें 'तन्त्रसार' में इस प्रकार कहा गया है—

काली तारा (छोड़ी) महाविद्या भुवनेश्वरी।
भैरवी छिन्नमस्ता च, विद्या धूमावती तथा॥
बगला सिद्ध-विद्या च, मातङ्गी कमलात्मिका।
एता विद्या महेशानि, महाविद्या प्रकीर्तिताः॥

ये सभी रूप एक ही के हैं।

प्रस्तुत निबन्ध में श्री भगवती छिन्नमस्ता जी के विषय में यथा-ज्ञान जिज्ञासु साधकों के लिये कुछ निवेदन किया जा रहा है। श्री जगदम्बा के इस रूप का बहुत ही रहस्यमय स्वरूप है। इनकी साधना-पद्धति एवं इनके साधक बहुत ही दुर्लभ हैं। अतः यत्-

किंचित् उपलब्ध शास्त्रीय वचनों के आधार पर ही यह लेख लिखा जा रहा है; यद्यपि श्री पण्डित रमादत्त जी शुक्ल का कथन विस्तृत रूप में लिखने का है; तथापि उक्त परिस्थिति को देखते हुए समास में ही व्यास को समझना उचित होगा।

शक्ति-साधना में मुख्य रूप से दो क्रम माने जाते हैं—सृष्टि एवं संहार। स्थिति-क्रम सृष्टि के ही अन्तर्गत है। उक्त दसों रूपों का सृष्टि एवं संहार में अन्तर्भाव होने से दो ही प्रकार साधना के माने जाते हैं, जिन्हें काली-कुल एवं श्री-कुल कहते हैं। श्री भगवती छिन्नमस्ता की गणना काली-कुल में की जाती है। यद्यपि काली, तारा, षोडशी के भेद से तीन क्रम माने जाते हैं तथापि श्री तारा और काली में भेद न होने से ऐक्य स्थापन किया गया है—

काली महाकालमलं ग्रसन्तीम्।

—भावोपहार की टीका।

महाकाल-रूप अहम्।

प्रत्यय को भी अन्त में ग्रस लेनेवाली काली है। तारा के शिव को 'अक्षोभ्य'-नाम से कहते हैं, क्योंकि 'अहम्' के ग्रास होने पर ही अक्षोभ्यावस्था प्राप्त होती है। अहमाकार-समष्टि-क्षोभ से ऊपर यह

अवस्था है। अतः, श्री तारा के मस्तक में इनका पूजन होता है। 'तारा-कर्पूर' में अक्षोभ्य को महाकाल ही कहा गया है।

महाकालेनोद्यत्पुलक-निचयां स्मेर-वदनाम् (१६)

श्री तारा एवं छिन्नमस्ता जी का बीज 'हूँ' है। इन दोनों की पूजा-पद्धति—आराधना-क्रम प्रकृति-विकृति-न्याय से एक ही है। श्री तारा का पूर्ण क्रम होने से श्री छिन्नमस्ता जी का इन्हीं में अन्तर्भाव माना जाता है; 'शक्तिसङ्गम' में यह विषय स्पष्ट है। 'श्री भैरव तन्त्र' में इनके विषय में कहा है—

प्रचण्ड-चण्डिकां वक्ष्ये, सर्व-काम-फल-प्रदाम्।
यस्याः स्मरण-मात्रेण, सदाशिवो भवेन्नरः॥
अपुत्रो लभते पुत्रमधनो धनवान् भवेत्।
कवित्वं दीर्घ-पाण्डित्यं, लभते नात्र संशयः॥

अर्थात् प्रचण्ड-चण्डिका श्री छिन्नमस्ता का वर्णन किया जाता है, जिनकी आराधना से साधक जीव-भाव से रहित होकर शिव हो जाता है, तथा पुत्र, धन, कविता, पाण्डित्य आदि ऐहिक विषय भी उसे प्राप्त हो जाते हैं; अर्थात् साधक इच्छानुसार जो चाहता है, उसे वही प्राप्त होता है।

इनके आविर्भाव की कथा इस प्रकार कही जाती है—

एक समय अपनी सहचरी जया-विजया के साथ श्री भवानी मन्दाकिनी में स्नान करने गईं। वहाँ स्नान करने पर कामाग्नि से पीड़ित होकर वह जगदानन्दकारिणी कृष्ण-वर्ण की हो गईं। उस समय सहचरियों ने उनसे कुछ भोजन करने को माँगा क्योंकि वे क्षुधार्त थीं। देवी ने उन्हें प्रतीक्षा करने को कहा। पुनः याचना करने पर भी प्रतीक्षा करने को ही कहा। तब उन सहचरियों ने विनम्र मधुर स्वर में फिर कहा कि "माता प्रार्थना करने पर अपने शिशुओं को अवश्य ही भक्ष्य-भोज्य देती है, क्योंकि वह दयामयी होती है, इसलिये अवश्य ही कुछ भोजन देना चाहिये।" इस प्रकार उनके मधुर वचन सुनकर कृपावती देवी ने कराग्र से अपने शिर का छेदन कर दिया। छिन्न-शिर श्री देवी के बायें हाथ पर आ गिरा और उनके कबन्ध से तीन धारायें बह निकलीं। दो धारायें उनकी सहचरी डाकिनी और वर्णिनी के मुख में प्रवाहित होने लगीं और तीसरी धारा कहे हुए अपने शिर से स्वयं पान करने लगीं। तभी से उस समय के स्वरूप की 'छिन्नमस्ता'—संज्ञा हुई। इसी से मिलती-जुलती और भी कथायें प्रचलित हैं।

(प्रा० तो०, पृ० ७२८)

योग-सिद्धि की चरम सीमा का निर्देश इस कथा में किया गया है। योग-शास्त्र में तीन ग्रन्थियाँ बताई गई हैं, जिनके भेदन पर योगी को पूर्णता लाभ होती है, जिन्हें ब्रह्म-ग्रन्थि, विष्णु-ग्रन्थि और रुद्र-ग्रन्थि के नाम से कहा गया है। मूलाधार में ब्रह्म-ग्रन्थि, मणि-पूर में विष्णु-ग्रन्थि एवं आज्ञा में रुद्र-ग्रन्थि का स्थान है। इनके भेदन पर ही अद्वैतानन्द का अनुभव होकर पूर्णानन्द-रूप मुक्ति की प्राप्ति होती है। ब्रह्म, विष्णु ग्रन्थियों के भेद होने पर भी साधक के अन्दर रहे हुए अहङ्कार का पूर्ण रूप से अभाव न होने से पुनः संसार में उसे आना पड़ता है। क्षुद्र अहन्ता का विलय परा-हन्ता में रुद्र-ग्रन्थि के भेदन पर ही होता है। महाशक्ति कुण्डलिनी चित्रा, वज्रा और ब्रह्म-नाड़ी के साथ आज्ञा-चक्र को भेद कर वज्रा नाड़ी में से प्रवाह करती है, तब यह कार्य सम्पन्न होता है; इसे ही कपाल-भेद भी कहते हैं। इसके पश्चात् ही शिव की समस्त सिद्धियाँ योगी को प्राप्त होती हैं तथा सोम-सूर्यात्मक समस्त जगत् का पोषण भी उससे होता है। इस मार्ग में काम सबसे बड़ा अवरोधक होता है, जिसका सङ्केत उक्त कथा में किया गया है। श्री भगवती के ध्यान में भी विपरीत रति-युक्त काम का स्वरूप बताया गया है—

'अस्थि-माला-धरां देवीं, नाग-यज्ञोपवीतिनीं ।
रति-कामोपविष्टां च, सदा ध्यायन्ति मन्त्रिणः ॥'
'विपरीत-रतासक्तौ, ध्यायेद्रति-मनोभुवौ ।'

योगियों का ऐसा अनुभव है कि मणिपूर-चक्र के नीचे की नाड़ियों में ही काम एवं रति का मूल है। उसी पर छिन्ना-महाशक्ति आरूढ़ है। नीचे के प्रवाह में ही रति एवं काम अनर्थ को उत्पन्न करते हैं, जिनमें सारा संसार बहा जा रहा है। उसके वैपरीत्य अर्थात् ऊर्ध्व प्रवाह होने पर ही रुद्र-ग्रन्थि का भेद होता है। कुलाचार के पञ्चम मकार का भी यही रहस्य है। जितने सिद्ध योगी हुए हैं, वे सब इसी बड़ी घाटी के पार करने पर पूर्ण सिद्ध हुए हैं। इसीलिये योगी गोरखनाथ ने अपनी गोरक्ष-संहिता में कुण्डलिनी शक्ति के इसी ध्यान को बताया है—

नाभौ शुक्लारविन्दं तदुपरि विमलं मण्डलं चण्ड-रश्मेः,
संसारस्यैक-रूपां त्रि भुवन-जननीं धर्म-वात्रीं नराणाम् ।
तस्मिन् मध्ये त्रिमार्गे त्रितमतनुधरां छिन्नमस्तां प्रशस्तां,
तां वन्दे ज्ञान-रूपां मरण-भय-हरां योगिनीं योगमुद्राम् ॥
(गो० प० २—७६)

अर्थात् नाभि-प्रदेश में शुभ्र-वर्ण पद्म और उस पर निर्मल सूर्य-मण्डल का चिन्तन कर उसमें संसार की सारभूत त्रिभुवन-जननी, धर्म-काम और दाय-

सम्पन्न प्रशस्ता, ज्ञान-रूपा, जन्म-मरण के भय को दूर करनेवाली योग-मुद्रा योगिनी छिन्नमस्ता देवी की मैं वन्दना करता हूँ।

इसी विषय में 'उमा सहस्रम्' नामक श्री भगवती के एक उत्कृष्ट काव्य में ऐसा कहा गया है—

तव च्छिन्नं शीर्षं विदुरखिल-धान्यागम-विदो ।
मनुष्याणामस्ते बहुल-तपसा यद्-विदलिते ॥
सुषुम्नायां नाड्यां तनु-करण-सम्पर्क-रहिता बहिः ।
शक्त्या युक्ता विगत चिर-निद्रा विलससि ॥
—सप्तमे स्तवके, ३—२१

हे जगद्धात्रि, आगम-वेत्ता तान्त्रिक लोग आपको छिन्नमस्ता-रूप से जानते हैं क्योंकि दीर्घकाल तक तप के अनुष्ठान से विदलित दो भागों में विशीर्ण मनुष्यों के मस्तक-प्रदेश में ज्योतिर्वाहिनी सुषुम्ना-नाड़ी में देहेन्द्रियादि-सम्बन्ध-वर्जित अर्थात् निर्लेप होती हुई शरीर से बाहर ब्रह्माण्ड-गत महाशक्ति से युक्त सदैव जाग्रत् रूप में योगी के शरीर में कुण्डलिनी-रूप में विलास करती हो, अर्थात् योगियों में कुण्डलिनी के प्रबुद्ध होने पर सुषुम्ना में प्रवाह कर शरीर के सम्बन्ध से रहित होकर शीर्ष-कपाल को भेद कर ब्रह्माण्ड में व्यापक महाशक्ति से एक होकर विलास करती हो।

इसके आगे श्लोक के टीकाकार विद्वद्वर श्री कपाली शास्त्री लिखते हैं कि—'जीते हो योगी का शीर्ष-कपाल-भेद अनुभव-सिद्ध है—'

व्यपोह्य शीर्ष-कपाले ।

इस 'तैत्तरीयारण्यक श्रुति' से प्रमाणित किया है । 'कठोपनिषद्' में—

विद्यामेतां योग-विधिं च कृत्स्नम् ।

ब्रह्म-विद्या और सम्पूर्ण योग-विधि को नचिकेता ने यम से प्राप्त किया । इस प्रसङ्ग में योग-विधि-रूप से यही तत्त्व लिया गया है—

शतं चैकाहृदस्य नाड्यस्तासां मूर्धानमभि निः-सृतैका । तयोर्ध्वमापन्नमृतत्त्वमेति विष्वङन्या उत्क्रमणे भवन्ति'

हृदय की एक शत नाड़ियों में एक नाड़ी मूर्धा को भेदकर ब्रह्म-लोक को गई है । उसी से उत्क्रमण होने पर मुक्ति होती है । अन्य नाड़ियों द्वारा उत्क्रमण पुनरावृत्ति का हेतु है । उक्त तान्त्रिक छिन्नमस्ता-साधना का यह वैदिक रूप है । यह बात प्रसिद्ध है कि शाक्त-साधना मुक्ति और भुक्ति दोनों को ही समान रूप से एक साधकावच्छेदेन स्वीकार करती है । इसी के अनुसार उक्त मन्त्र की व्याख्या श्री

आचार्य भगवत्पाद ने की है—

ब्रह्मणा वा सह कालान्तरेण मुख्यममृतत्त्वमेति भुक्त्वा भोगाननुपमान् ब्रह्म-लोक-गतान् ।।

(क० अ० २-१६)

ब्रह्म-लोक में गया हुआ साधक ब्रह्म-लोक के अनुपम भोगों को भोगकर अन्त में मोक्ष को प्राप्त करता है। संक्षिप्त रूप से यह यौगिक सिद्धान्त ही विस्तार में श्रीछिन्नमस्ता भगवती की आराधना का तन्त्र है। महर्षि याज्ञवल्क्य, भगवान् परशुराम आदि दिव्य महापुरुष इनके साधक थे। महर्षि याज्ञवल्क्य ने जनक की सभा में शाकल्य का मूर्धा-पात इसी शक्ति द्वारा किया था। श्री भगवान् परशुराम ने अपने पिता की आज्ञा से अपनी माता का शिरश्छेद किया था। उनकी माता श्री रेणुका के सती होने से श्री छिन्नमस्ता के तेज ने उनमें प्रवेश किया। अतः, रेणुका का भी साधन-पूजन होता है। बृहदारण्यक में कही गई मधु-विद्या अश्व-शिरवाले दध्यङ्ङाथर्वण ऋषि से जिसका उपदेश दिया गया है, वह यही है। श्री भागवत में एवं श्री देवी भागवत में हयग्रीव-विद्या भी यही है। प्राचीन वैदिक ऋषि इसे इसी रूप में मानते थे। श्री मत्स्येन्द्रनाथ, श्री गोरखनाथ आदि महा-सिद्ध महात्मा इसी महा-शक्ति के आराधक थे। अर्थ, काम

को लक्ष्य करके दैत्य-राक्षसों में भी यह साधन रहा है। हिरण्यकशिपु, वैरोचन आदि भी इस शक्ति के एक-निष्ठ साधक थे, इसीलिए इन्हें 'वज्र-वैरोचनीया' भी कहते हैं। वास्तव में वैरोचन नाम अग्नि का है; अग्नि के स्थान मणिपूर में इसका ध्यान किया जाता है। वज्रा-नाड़ी में प्रवाह होने से इनकी 'वज्र-वैरोचनीया' इस नाम से साधकों में प्रसिद्धि है—

वैरोचनीं कर्म-फलेषु जुष्टाम्।

इस मन्त्र में यही बात कही गई है; क्योंकि कर्म-फल अग्नि द्वारा ही प्राप्त होता है। अर्वाचीन काल में तथागत बुद्ध इसी साधना से मार को जीत पाये थे, इसीलिये उनका एक नाम वैरोचन बुद्ध भी है; यह वज्रयान के ग्रन्थों में मिलता है। गुह्य-समाज तन्त्र में लिखा है—

एवं मया श्रुतं एकस्मिन् समये भगवान् सर्व-तथागतः काय-वाक्-चित्-हृदय-वज्र-योषिद् भगेषु विजहार (पृ० १)

इससे सिद्ध है कि बुद्ध तान्त्रिक साधक थे। 'हूँ' बीज श्री तारा एवं श्री छिन्नमस्ता का माना जाता है, इसका निरूपण उक्त तन्त्र में किया है। श्री जलन्धर-पीठ में वज्रेश्वरी (श्री तारा) की पूजा होती

है। कांगड़ा का भवन इस नाम से प्रसिद्ध है। श्री छिन्नमस्ता का पीठ 'चिन्त्यपूरणी' नाम से उक्त पीठ में प्रख्यात है। शीत-काल में अनेक बौद्ध-मतानुयायी तिब्बत से श्री भगवती के दर्शनार्थ वहाँ आते हैं। इनके आराधन का क्रम 'चीनाचार' एवं 'दिव्य चीनाचार' के नाम से उन लोगों में प्रचलित है। ब्राह्मणों के आधुनिक तन्त्रों के संग्रह-ग्रन्थों में इनका भी नाम है तथापि इसका आचरण वही लोग करते हैं।

बहुत से आधुनिक विचारक इस बात को नहीं मानते हैं कि बुद्ध तान्त्रिक थे और बौद्धों में तन्त्र-मन्त्र की मान्यता थी। जैसे 'गङ्गा' के पुरातत्व-विशेषांक में श्री महापण्डित राहुल सांकृत्यायन ने अपने लेखों में लिखा है कि 'बुद्ध के निर्वाण के १०० वर्ष पश्चात् मन्त्र-तन्त्र का प्रचार बौद्धों में होने लगा।' भैरवी-चक्रादि बहुत पहले से ही प्रचलित थे, जिन्हें विदेशी में भी लोग मानते थे, इत्यादि यह मार्ग रहस्य का है। प्रत्येक व्यक्ति तथा सामान्य जनता में इसे प्रकट नहीं किया जाता है; इस मार्ग के लोगों का जीवन सर्वथा रहस्य-मय ही होता है, इसलिये बुद्ध ने अपने कतिपय ही शिष्यों को इसे बताया हो। अन्यथा प्रधान सम्प्रदाय महायान में वज्रयान का विपुल प्रचार होना, यह कोई साधारण बात नहीं है। आगे

चलकर राहुल जी ने यह माना है कि बुद्ध के निर्वाण के ४०० वर्ष पश्चात् मन्त्र, हठ और मैथुन बुद्ध-धर्म में प्रविष्ट हो गये, पर यह नहीं बताया कि ये बातें कहाँ से आकर प्रविष्ट हुईं। ये बातें शाक्त लोगों में प्रचलित थीं, वहीं से बौद्धों में आईं। बौद्ध धर्म तो सर्वदा इन बातों का विरोधी है। तथागत अहिंसा के उपदेष्टा होते हुए भी मांसाहारी थे। यह 'महा-परि-निव्वाण-सुत्त' में लिखा है कि शूकर का मांस खाने से उनका देहान्त हुआ था। चमत्कार भी बताते थे, जैसे सूखी नदी में पानी बहा देना आदि शाक्त-धर्म की चीज है। इससे सिद्ध है कि बुद्ध तान्त्रिक थे। कितने लोग यह भी मानते हैं कि बौद्ध-तन्त्रों के अनुकरण पर ही शाक्तों के तन्त्र बने हैं, तथापि यह निराधार है

शाक्तों के तन्त्रों का आधार पञ्च-ब्रह्म-मन्त्र हैं, जिनका उल्लेख कृष्ण यजुर्वेद की काष्ठा, तैत्तरीय, मैत्रायणी आदि शाखाओं में है, जिन्हें सद्योजात, वाम-देव, अघोर, तत्पुरुष और ईशान कहते हैं। भगवान् शिव के ये पाँचों मन्त्र-मय मुख कहे जाते हैं। इन्हीं से शैवागम एवं शाक्तागमों का विस्तार हुआ है, जिसे परशुराम-कल्पसूत्रों में कहा है। भगवान् परमशिव

ने श्रुति आदि अष्टादश विद्या सर्व-दर्शन लीला-न्याय से बनाकर संविन्मयी श्री भगवती के पूछने पर अपने पञ्चमुख से पञ्चाम्नायों को कहा (परशु २)। इन्हीं पाँचों मन्त्रों पर पञ्चाध्यायात्मक पाशुपत सूत्रों की रचना कर शैव धर्म का विस्तार किया गया है। ये मन्त्र शैवों एवं शाक्तों को समान रूप से मान्य हैं। शैवों ने अपने ग्रन्थों में शाक्तों को भी शैव ही बताया है। वीर शैवों ने इन्हीं पाँचों मन्त्रों से अपने पञ्चाचार्यों की कल्पना की है, जिन्हें रेणुक, दारुक, चंकुकर्ण, धेनुकर्ण और विश्वकर्ण कहते हैं। बुद्धों की 'पञ्च-बुद्ध' कल्पना भी इसी का अनुकरण है—

जिनो बैरोचनः ख्यातो रत्न-सम्भव एव च।
अमिताभोऽमोघसिद्धि रक्षोभ्यश्च प्रकीर्तितः॥

जैसे सद्योजातादि का दिशा-क्रम है, ऐसा ही बुद्धों का भी है। पूर्व में 'वैरोचन', दक्षिण में 'अमिताभ', पश्चिम में 'रत्नसम्भव', उत्तर में 'अमोघसिद्धि' एवं ऊपर में 'अक्षोभ्य' बुद्ध माने जाते हैं। 'विरोचन बुद्ध' एवं 'अक्षोभ्य' बुद्ध का सम्बन्ध वज्रयान से है, जिन्हें छिन्ना एवं तारा शक्ति के सम्बन्ध में बताया गया है। विरोचन ही विकराल शिव का नामान्तर है। अहिंसा-धर्म के प्रचारक बुद्ध-धर्म में बलिदान, श्मशान-सेव-

नादि क्रियायें शाक्त-धर्म से ही गई हैं। ज्ञान-सिद्धि, प्रज्ञोपाय विनिश्चय ग्रन्थ में इनका वर्णन स्पष्ट रूप में किया गया है। ऐसी अवस्था में यह कहना कि बौद्ध-तन्त्रों के अनुकरण पर शाक्त-तन्त्र बने, उपहासास्पद ही है।

अनेक शाक्त-ग्रन्थों में बौद्ध-जैनादि तन्त्रों का उल्लेख मिलता है जैसे षडायतन पूजन में। चार्वाक्-जैन-बौद्ध-दर्शन भी लिये गये हैं। इसका कारण शाक्त तान्त्रिकों की समन्वयात्मक दृष्टि है, इसलिये यह भी ले लिया है। जैसे पुराणों में वृहस्पति, ऋषभ एवं बुद्ध को भी भगवदवतार मान लिया है, तथापि उनका आचार कहीं भी नहीं लिया है। यह बाद की कल्पना है। बौद्ध-तन्त्र 'साधन-माला' में वज्रयोगिनी-साधना में पृष्ठ ४५३ पर कहा गया है—

ओडियान-पूर्णगिरि-कामाख्या-सिरिहट्ट इत्यनेन पूजयेत् ॥

ओड्डियान, पूर्णगिरि, कामाख्या, श्रीहट्ट आदि पीठों को बौद्धों ने मान लिया है। ये पीठ-स्थान शाक्त-मत के प्रमुख साधना-स्थल हैं, बुद्ध-धर्म से इनका कोई सम्बन्ध नहीं है। बुद्ध ने अपने शिष्यों को शाक्त-अर्चा का निषेध किया था, ऐसा भी प्रमाण मिलता है।

तथापि अयोग्य और अनधिकारियों को ही उन्होंने ऐसा किया था, क्योंकि लोकोत्तर वस्तुओं को प्रदान करनेवाली इस अर्चा से दुरुपयोग होकर अनर्थ की भी पूर्ण सम्भावना है, इसे बुद्ध जानते थे।

अहिंसा-धर्म का समर्थक जैन-धर्म भी 'पञ्चणमोकार-' मन्त्र को मानता है। जैन-दर्शन नामक पुस्तक में पाँच रूपों में इसका भी समन्वय किया गया है, जिसे मुनिविद्या विजय सूरि ने लिखा है। प्रसिद्ध 'भैरव-पद्मावती कल्प' नामक जैन-तन्त्र में शाक्तों की सभी बातों को अङ्गीकार किया गया है। सरस्वती-साधन जैन-तन्त्र का सिद्धि-प्रद अध्याय है। देवी-स्तोत्र में शाक्तों की सभी शक्तियों का उल्लेख है। इस शक्ति-साधना से जैन-शासन की सिद्धि बताई गई है। 'स्यादवाद मञ्जरी' के टीकाकार श्री हेमचन्द्राचार्य ने इसे स्वीकार किया है। पद्मावती-कल्प में शाक्तों की शक्ति-उपासना एवं जैन-मान्यता एक-सी ही मानी गई है। जैसे—

तोतला त्वरिता नित्या, त्रिपुरा काम-साधिनी।
देव्या नामानि पद्मायास्तथा त्रिपुरभैरवी॥
(प० क० ३)

'भक्तामार स्तोत्र' एक सिद्धि-प्रद जैन स्तोत्र है।

इससे मारण-उच्चाटन आदि षट्-कर्म की सिद्धियाँ बताई गई हैं। इन बातों को देखते हुए यह पूर्ण निश्चय हो जाता है कि 'शाक्त-धर्म' का प्रभाव इन अहिंसक धर्मों पर भी पड़ा है। जैसे पञ्च-बुद्ध की कल्पना बौद्धों ने की है, इसी प्रकार वायु-पुराण पञ्च-रात्र के आधार पर वैष्णवों में भी पञ्च-व्यूह की कल्पना की गई है, जिन्हें नारायण, कृष्ण, सङ्कर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध कहते हैं। इनकी इस कल्पना का आधार वेद नहीं है, पुराण है; जिसका अवैदिकत्व श्री शङ्कराचार्य ने वेदान्त-दर्शन के दूसरे अध्याय दूसरे पाद के अन्तिम चार सूत्रों में दिखाया है। यह भी शैवों की उक्त कल्पना के बाद की कल्पना है। इस मत में भी उपासना के तन्त्र हैं। वे सबके सब शाक्त-तन्त्रों के अनुकरण पर ही बने हैं। श्री रामानन्दीय सम्प्रदाय में मुख्योपदेश राम-मन्त्र का होता है। यह मन्त्र तन्त्र का है। शारदातिलक में इसका उपदेश दिया गया है। श्रीकृष्ण की उपासना में गोपाल-मन्त्र की प्रधानता है। इसका सविस्तार निरूपण 'क्रम-दीपिका' में किया गया है। 'क्रम-दीपिका' विशद तन्त्र-ग्रन्थ है। इसके संग्राहक श्री केशव काश्मीरी भट्ट हैं। श्री निम्बार्क-मत के साधकों में इसका प्रचार है। मूल में गौतमी तन्त्र में इसका उपदेश दिया गया है।

इसका आदि से अन्त तक शाक्त-तन्त्र ही आधार है।

चैतन्य-मत में भी तन्त्र माने जाते हैं। श्रीनित्यानन्द तथा श्री चैतन्य श्री विद्या के उपासक थे। श्री रामानुजाचार्य का लिखा हुआ 'श्री भगवती नित्याराधन-ग्रन्थः' शुद्ध तान्त्रिकी प्रणाली का ग्रन्थ है, जिससे श्री भगवान् नारायण को आराधना इस मत में होती है। श्रीवल्लभ-मत में पञ्चरात्र एवं गोपाल मन्त्र की साधना होती है। श्री गोस्वामी हित हरिवंश के मत में यद्यपि कोई संस्कृत ग्रन्थ का आधार नहीं है, तथापि पूजन-प्रकार तन्त्रों के अनुकूल ही है। हयशीर्ष, काश्यप संहिता, सात्वत तन्त्र आदि ग्रन्थ तान्त्रिक प्रणाली के पूजन के निर्देशक हैं, जिन्हें श्री रामानुजीय श्री वैष्णव मानते हैं। इस प्रकार शैव-शाक्तागम ही हिन्दू-अहिन्दू सभी सम्प्रदायों में माने जा रहे हैं। शैव-शाक्त-क्रम वैदिक है, इसलिये इसकी प्राचीनता एवं प्राथम्य में कोई सन्देह नहीं हो सकता।

आचार्य भगवत्पाद के सिद्धान्त 'अद्वैत-वाद' को भी बहुतों ने प्रच्छन्न बौद्ध मत बताया है, जिसे माध्यमिक मत के आचार्य नागार्जुन के शून्यवाद का रूपान्तर सिद्ध करने का प्रयत्न किया है। शून्यवाद का वर्णन माध्यमिक कारिका, महायान विंशक आदि

शून्यवाद के ग्रन्थों में किया है। वही श्री शङ्कर के अद्वैतवाद का आधार है। श्री पण्डित विधुशेखर भट्टाचार्य ने माण्डूक्योपनिषद् पर लिखी हुई आचार्य गौड़पाद की कारिकाओं की व्याख्या इसी भावना से की है, तथापि यह बात यथार्थ नहीं है। श्री शङ्कराचार्य का मत वही है, जिसे कश्मीर के शैव एवं शाक्तों ने माना है तथा वसुगुप्त एवं सोमानन्द आदि ने जिसका विस्तार किया है। शैव-शाक्त अद्वैतवाद में परिणामवाद पर जोर दिया गया है। श्री आचार्य शङ्कर ने विवर्तवाद मान कर केवल कार्य-कारणावस्था में सत्य है, जगद् अवस्था में मिथ्या है, इसका प्रधान रूप में प्रचार किया है। 'सौन्दर्यलहरी' में आचार्य ने परिणामवाद को ही स्वीकार किया है। यह प्रत्यभिज्ञा शैव सिद्धान्त है। पाशुपत सूत्रों की भूमिका में शैवों के भेदों का निरूपण करते हुये श्री आर० एस० शास्त्री ने काश्मीरी शैवों के विषय में कहा है—

'दि काश्मीर शैविज्म आन दि अदर हैण्ड गेव मोर प्रामीनेंस टु उमा दैन टु लार्ड शिव। वसुगुप्त एण्ड सोमानन्द वेयर दि फाउण्डर आफ़ दिस'।

अर्थात् कश्मीर के शैव श्री भगवान् शिव की अपेक्षा श्री भगवती उमा को ही प्रधानता देते हैं, इस

मत के संस्थापक वसुगुप्त एवं सोमानन्द हैं। आक्त-दर्शन का निर्माण यहीं हुआ है। 'प्रत्यभिज्ञा-हृदय', 'तत्व-सन्दोह', 'परा-प्रावेशिका', 'काम-कला-विलास' आदि ग्रन्थ इसी सम्प्रदाय में लिखे गये हैं। इस मत का विकसित रूप ही श्री शङ्कराचार्य का अद्वैतवाद है। श्री शङ्कराचार्य ने इसका कहीं खण्डन भी नहीं किया है। शङ्कर-मत में 'श्रुति' की प्रधानता है। आगम-वचनों का प्रमाण छोड़ दिया गया है। कश्मीर के शैव आगम को मुख्यता देते हैं। कश्मीर के शैवों में विवर्तवाद भी माना है। श्री सिद्धनाथ ने 'अभेद-कारिका' में कहा है—

वस्तुनो भाव-शून्यस्य त्वग्राह्यस्य निराकृतेः।
कल्पना-मात्रे वैतत् यच्छिव-व्यपदेशनम्॥
नेत्थं विभोर्विवर्तोऽस्ति परिणामश्च न क्वचित्।
अथवा द्वयमप्यस्तु तथाप्यस्य न खण्डना॥

अर्थात् अग्राह्य, आकृति-रहित भाव-शून्य वस्तु को 'शिव'-पद से व्यवहार करना भी एक कल्पना मात्र है, इस प्रकार विवर्त एवं परिणाम दोनों ही नहीं हो सकते अथवा दोनों ही हों, इसका हम खण्डन भी नहीं करते। इन दोनों के मतों का प्रतिपादन 'सम्वित्प्र-काश' में किया है—

इति निर्मल-बोधैक-रूपे देह-परिग्रहः ।
विवर्त-परिणामाभ्यां द्वाभ्यामप्युपपद्यते ॥
विवर्तेऽतथा रूपस्तथा भासित्वमच्युत ।
परिणामे स एव त्वं सुवर्णमिव कुण्डले ॥

इस प्रकार निर्मल ज्ञानैक-स्वरूप में विवर्त और परिणाम दोनों प्रकार से सृष्टि-कार्य बन सकता है। हे अच्युत ! विवर्त-रूप में तुम अतथा रूप से भासित होते हो, जैसे रज्जु में सर्प, और परिणाम में तुम वही हो, जैसे कुण्डल में स्वर्ण। ये दोनों बातें 'माण्डूक्य-कारिका' में विस्तार एवं स्पष्ट रूप में गौड़पाद ने स्वीकार की हैं। नागार्जुन ने अपने शून्य का लक्षण भी ऐसा ही किया है। शैव-दर्शन प्राचीन होने से श्रुति-आगम-सम्मत है, नागार्जुन ने केवल तर्क से ही इसे सिद्ध किया है, तथापि यह शून्य-वाद शैवों का ही अनुकरण है। श्रीवातुलनाथ-सूत्रों में भी शिव को शून्याकार में बतलाया गया है। शून्य का अर्थ श्री अमृतानन्दनाथ योगी ने 'योगिनी-हृदय' (१—१०) की टीका में ऐसा किया है—

शून्याकाराद् विसर्गान्ताद् विन्दोः प्रस्पन्द सम्विदः

इस श्लोक की व्याख्या में कहा है—

शून्यत्वं पुनरभ-निरस्त-निखिल-प्रपञ्चत्वात् अतएव परम-शिवः ।

समस्त प्रपञ्च से रहित परम शिव ही शून्याकार-वाले हैं—

प्रपञ्चोपशमं शिवं ।

इस माण्डूक्योपनिषद् में भी शिव का स्वरूप उक्त प्रकार का ही बताया है। यह उपनिषद् भी 'वह है' सिद्धान्त का ही प्रतिपादन करती है। इसमें स्पष्टतः कई बार 'शिव'-पद का नाम लिया गया है। यह 'शिव'-तत्व भावाभाव-विलक्षण है; यही वाङ्-मनोऽगोचर शाङ्कर अद्वैत है। आचार्य भगवत्पाद के मत में शिव-विष्णु का भेद न होने से उनका मत एक प्रकार का समन्वयी मत है, तथापि श्रुति की प्रधानता को अङ्गीकार करते हुये एक स्वतन्त्र शैवाद्वैत ही उनका मत है। शाङ्कर मत के अनुयायी संन्यासी, गृहस्थ, ब्रह्मचारी आदि मुख्य रूप से शिव-शक्ति की ही उपासना करते हैं, तथा उपासना के शैव-शाक्त चिह्नों को धारण करते हैं। उन्हें नागार्जुन-मत का अनुकरणकर्ता कहना किसी प्रकार से ठीक नहीं, प्रत्युत नागार्जुन ही इसके अनुकरण करनेवाले हैं। शैवों के चौथे भेद का निरूपण करते हुये श्री आर० एस० शास्त्री लिखते हैं—

'दि फोर्थ सेक्ट हैड ओन्ली ए वेरी फ्यू लीडर्स,

फ़ार दे वाण्टेड टु अटेन सिद्धीज़ फ़ार देमसेल्व्ज़। श्रीगोविन्द भगवत्पाद वाज़ वन हू फ़ालोड दिस सेक्शन।'

अर्थात् चौथे प्रकार के शैवों में बहुत थोड़े आचार्य हुये हैं। उस विभाग में केवल सिद्ध लोग ही हुये हैं, इनमें गोविन्द भगवत्पाद मुख्य हैं। यही गोविन्द भगवत्पाद श्री शङ्कराचार्य के गुरु हैं। पहले के प्रमाणों से यह सिद्ध है कि शैव-शक्ति मतों के सिद्धान्तों के अनुकरण पर बौद्धों के तान्त्रिक मत बने हैं। इस प्रकार 'शैव-तत्व-ज्ञान' के अनुकरण पर ही नागार्जुन का शून्य-मत है।

शाक्त-दर्शन एवं उनकी पूजा-पद्धति किसी के अनुकरण पर नहीं बनी है, प्रत्युत इन्हीं का अनुकरण सबने किया है, यह एक सार्वभौम सिद्धान्त है। इसके इस समय भी सबसे अधिक प्रचार-चिह्न संसार में मिलते हैं। श्री पाणिनि के सूत्रों में एक भी सूत्र बुद्ध-मत पर नहीं है, क्योंकि बुद्ध पाणिनि के पश्चात् हुये हैं—

'शिवादिभ्यो अण् (अ० ४-१-११२)

इस सूत्र के द्वारा पाणिनि ने यह प्रमाणित किया है कि 'शिव'-शब्द या शैव धर्म पहले का है।

नागार्जुन ने अपनी माध्यमिक-कारिका में भी 'शिव' शब्द का प्रयोग किया है—

यः प्रतीत्य समुत्पादं प्रपञ्चोपशमं शिवम् ।
देशयामास सम्बुद्धस्तं वन्दे द्विपदां वरम् ॥

'प्रपञ्चोपशमं शिवं' पद माण्डूक्य-उपनिषद् से लिया गया है। ऐसी अवस्था में शाङ्कर अद्वैत किस प्रकार बुद्ध-मत के अनुकरण पर है, इसे विज्ञ पाठक स्वयं समझ सकते हैं। यह अवश्य है कि शून्यवाद एवं शाङ्कर अद्वैतवाद में बहुत-सी युक्तियाँ एक-सी प्रयुक्त हुई हैं। अतः बहुत अंशों में साम्य है, तथापि शाङ्कर सिद्धान्त श्रौत है, इसलिये नागार्जुन का अनुकरण नहीं हो सकता, प्रत्युत नागार्जुन का मत ही शैव सिद्धान्त के अनुकरण पर है।

उपर्युक्त बहिरङ्ग बातें लिखने का यही प्रयोजन है कि शाक्त-साधना पर बहुत-सी भ्रान्त धारणायें लोगों में प्रचलित हैं, तथा अविचारक लोग इस समय भी उनका प्रचार कर रहे हैं। उनका निराकरण होना आवश्यक है, नहीं तो साधना-तत्व के निरूपण के प्रसङ्ग पर इन बातों की आवश्यकता ही क्या है! अतः, संक्षेप में श्री भगवती की साधन-विधि को लिखकर अब इस विस्तार से उपरत होना ही ठीक है।

श्री भगवती छिन्नमस्ता जी की साधना इस प्रकार करनी चाहिये—

सर्व-प्रथम प्रातःकाल शैय्या से उठकर सहस्रार में स्थित श्रीगुरु का ध्यान, मानसिक पूजन एवं गुरु-पादुका मन्त्र का वाग्भव-बीज जपपूर्वक १०८ बार जप करना चाहिये। अनन्तर षोडशी मूलमन्त्र अथवा कूर्च-बीज का १०८ बार जप ध्यानपूर्वक करे, तदनन्तर स्नान-सन्ध्या आदि आवश्यक कृत्य से निवृत्त होकर पद्धति के अनुसार पूजन करे।

इनके दो प्रकार के पूजन-यन्त्र हैं—

१ गृहस्थों के लिये और २ यतियों के लिये।

त्रिकोण, इसके बाद तीन मण्डल, इसके ऊपर योनि-चक्र, तीन द्वारों से युक्त, बाहर अष्टदल पद्म, भूपुर की तीन रेखायें, मध्य में 'हूं' बीज, तीनों कोणों में 'हूं फट्', इन वर्णों को लिखना चाहिये। मध्य में श्री छिन्नमस्ता जी का दीप-ज्योति के सदृश ध्यान करना चाहिये, यह यतियों का ध्यान है।

गृहस्थों को स्व-शरीर के नाभि-मण्डल में शुभ्र कमल पर निर्गुण स्वच्छ चन्द्रमा की कान्ति-सदृश कलातीत, गुणातीत ध्यान करना चाहिये। इसके बाद शङ्ख-स्थापन आदि क्रियायें तारा-विद्या के तुल्य

हो करे। षोढा-न्यास, वज्र-न्यास इस साधना में अत्यन्त आवश्यक हैं। एकाक्षर, त्र्यक्षर, चतुरक्षर, पञ्चाक्षर, षडक्षर, त्रयोदश, चतुर्दश, पञ्चदश, षोडश तथा सप्तदश कलातीत मन्त्रों का अभ्यास क्रम से करना चाहिये। अष्टादशाक्षरी, एकोनविंशत्यक्षरी विद्या भी पूर्णता देनेवाली है, तथापि इन्हें कोई-कोई ही जपते हैं। इनके पूजन में पशु-वलिदान नित्य ही आवश्यक है। यति अनुकल्प से कर सकते हैं। इनका रात्रि-पूजन वामाचार का है, यही प्रधानतः सिद्धि-प्रद है। श्री तारा के मन्त्र एवं दक्षिणा-काली के मन्त्र भी पूरक रूप में जपे जाते हैं। इस प्रकार सतत श्रद्धा एवं भक्तिपूर्वक अनुष्ठान करने से श्री भगवती सभी समीहितों को पूर्ण करती हैं।

॥ ॐ शम् ॥

श्री छिन्नमस्ता नित्यार्चन

पहले वैदिक कर्म कर ले, फिर तान्त्रिक विधि करे। यह नियम सभी स्थलों पर माननीय है।

प्रातः-कृत्य

१ गुरु-स्मरण

ब्राह्म-मुहूर्त में उठकर दोनों हाथों और पैरों को धोकर अपने शिर में स्थित सहस्र-दल-कमल में विराजमान श्री गुरुदेव के स्वरूप का निम्न प्रकार ध्यान करे—

श्वेत-वर्णं द्विभुजं वराभय-करं श्वेत-माल्यानु-लेपनं,
स्व-प्रकाश-रूपं स्व-वाम-स्थितया रक्त-शक्त्या सहितं गुरुं।

तब मानस पञ्चोपचारों से श्रीगुरु का पूजन कर निम्न मन्त्रों से उन्हें नमस्कार करे—

ॐ अखण्ड-मण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम्।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः॥
ॐ अज्ञान-तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जन-शलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः॥

२ पर-देवता-स्मरण

इसके बाद अपने शरीर के मूलाधार में पर-देवता का ध्यान निम्न प्रकार करे—

छिन्नमस्तां महाविद्यामक्षरात्म-स्वरूपिणीम् ।
विद्युदग्नि-समुद्भूतां प्रसुप्त-भुजगी-तनुम् ।।
कुण्डली-रूप-संयुक्तां नाना-तत्त्व-समन्विताम् ।।
त्रिवली-वलयोपेतां नाना-स्थान-कृतां शुभाम् ।।

इस प्रकार ध्यान कर १००८ या ३०८ या १०८ बार मन्त्र का जप करे ।



स्नान और सन्ध्योपासन

प्रातः-कृत्य कर साधक नित्य-कृत्यों से निपट कर स्नानादि करे।

१ स्नान

पहले स्नान करे। लाल चन्दन और दूर्वा से युक्त ताम्र-पात्र को लेकर यह सङ्कल्प करे—**ॐ तत्सत् .....श्रीछिन्नमस्ता-देव्याः प्रीतये स्नानमहं करिष्ये।**

इस प्रकार सङ्कल्प छोड़कर प्राणायाम और षडङ्ग-न्यास करे। फिर स्नानीय जल में—

ॐ गङ्गे च यमुने चैव, गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धु कावेरि, जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु॥

इस मन्त्र से अंकुश-मुद्रा द्वारा सूर्य-मण्डल से तीर्थों का आवाहन कर '**वं**' से धेनु-मुद्रा द्वारा उसका अमृतीकरण, '**हूं**' से उसका अवगुण्ठन और '**फट्**' से उसका संरक्षण करे। फिर मूल-मन्त्र से ग्यारह बार उसे अभिमन्त्रित कर सूर्य को बारह अञ्जलियाँ देकर इष्ट-देवता के चरणों से उस जल को निकला हुआ मानकर उसमें स्नान करे। तब पुनः देवता का ध्यान कर मूल-मन्त्र का यथा-शक्ति जप करे और तीन बार

मूल-मन्त्र से अभिमन्त्रित जल को कलश-मुद्रा के द्वारा अपने शिर पर छोड़े ।

२ सन्ध्योपासन

अब सन्ध्योपासन करे । पहले तीन बार निम्न मन्त्रों से आचमन करे—**ॐ आत्म-तत्वाय स्वाहा, ॐ विद्या-तत्त्वाय स्वाहा, ॐ शिव-तत्त्वाय स्वाहा ।**

तदनन्तर जल में '**ॐ गङ्गे च०**' से पूर्ववत् तीर्थों का आवाहन कर, मूल-मन्त्र से कुशाग्र-भाग द्वारा तीन बार भूमि पर जल छिड़ककर, उस जल से आठ बार अपने मूर्धा का अभिसिञ्चन करे । तब षडङ्ग-न्यास कर बाएँ हाथ में जल ले और उसे दाएँ हाथ से ढँक-कर '**हं यं रं लं वं**' से तीन बार उसे अभिमन्त्रित करे । फिर मूल-मन्त्र का उच्चारण करते हुये टपकते हुये जल-विन्दुओं से तत्त्व-मुद्रा द्वारा अपने सिर पर सात बार अभ्युक्षण करे । शेष जल को दाहिने हाथ में लेकर तेजोरूप में ध्यान करे । फिर उसे इडा से आकृष्ट कर देह के भीतर स्थित कृष्ण-वर्ण के पाप को उससे धोकर उस जल को पाप-रूप ध्यान कर पिङ्गला से निकाल कर अपने सम्मुख कल्पित वज्र-शिला पर '**फट्**' से उस पाप-रूप जल को पटक दे ।

इसके बाद हाथ-पैर धोकर आचमन करे और

'ॐ घृणिः सूर्य आदित्याय इदमर्घ्यं स्वाहा' से सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य-मण्डल में देवी का ध्यान कर उन्हें नमस्कार करे। यथा—ॐ सूर्य-मण्डलस्थायै श्रीछिन्नमस्तायै नमः।

फिर छिन्नमस्ता-गायत्री से तीन बार जल छोड़कर तर्पण करे। इसके बाद 'ॐ देवान् तर्पयामि नमः, ॐ ऋषीन् त०, ॐ पितॄन् त०, ॐ गुरुं त०, ॐ परम-गुरुं त०, ॐ परापर-गुरुं त०, ॐ परमेष्ठि-गुरुं त०, मूलं छिन्नमस्तां देवीं त०' से इन सबका तीन-तीन बार तर्पण करे। तब 'ॐ छिन्नमस्तावरण-देवतास्तर्पयामि नमः' से आवरण देवताओं का तर्पण करे।

इसके बाद शुद्ध सूखे वस्त्र पहनकर 'ॐ ह्रां ह्रूं सः मार्तण्ड-भैरवाय प्रकाश-शक्ति-सहिताय इदमर्घ्यं स्वाहा' से सूर्य को पुनः अर्घ्य देकर पहले सूर्य-मण्डल में गायत्री का ध्यान करे। यथा—

श्याम-वर्णां चतुर्भुजां, शङ्ख-चक्र-लसत्कराम्।
गदा-पद्म-धरां देवीं, सूर्यासन-कृताश्रयाम्॥

ध्यान कर निम्नलिखित छिन्नमस्ता-गायत्री का १०८ बार जप करे—ॐ वैरोचन्यै विद्महे छिन्नमस्तायै धीमहि तन्नो देवी प्रचोदयात्।

फिर सूर्य-मण्डल-स्थित देवी को मानसिक प्रणाम कर वरुणदेव को नमस्कार कर गृह को प्रस्थान करे।

नित्यार्चन

१ द्वार-पूजा

भले प्रकार शुद्ध होकर तथा शुद्ध वस्त्र पहनकर पूजा-गृह से द्वार पर जाकर सामान्यार्घ्य की स्थापना करे। यथा **'मूलं फट्'** से सामान्यार्घ्य-पात्र का संशोधन कर उसे वृत्त-युक्त त्रिकोण पर स्थापित करे। फिर **'मूलं वं'** से शुद्ध-जल से भर कर **'ॐ गङ्गे च०'** इत्यादि से पूर्ववत् सूर्य-मण्डल से अंकुश-मुद्रा द्वारा तीर्थों का उस जल में आवाहन करे। तब **'ॐ'** से उस जल में पुष्पाक्षत और चन्दन छोड़कर धेनु-मुद्रा से उसका अमृतीकरण कर **'ॐ'** का उसके ऊपर दस बार जप करे। फिर उस जल से **'फट्'** से पूजा-गृह के द्वार का अभिषिञ्चन कर द्वार-पूजा आरम्भ करे। द्वार के ऊर्ध्व-भाग के मध्य में **'ॐ गं गणपतये नमः'** से, दाहिनी ओर **'श्रीं लक्ष्म्यै नमः'** से, बाईं ओर **'ऐं सरस्वत्यै नमः'** से पूजा कर द्वार की दाहिनी शाखा में **'गं गणपतये नमः'** से, बाईं शाखा में **'क्षं क्षेत्रपालाय नमः'** से तथा क्षेत्रपाल के दोनों बगल में **'ॐ धात्रे नमः,** और **'ॐ विधात्रे नमः'** से पूजाकर द्वार की देहली में **'ॐ शङ्ख-निधये नमः, ॐ पद्म-निधये नमः'** से पूजन करे।

इस प्रकार द्वार-पूजा कर बाएँ अङ्ग का सङ्कोचन करते हुये बाएँ पैर को आगे बढ़ाकर पूजा-मण्डप में प्रवेश करे। वहाँ **'अस्त्राय फट्'** का उच्चारण कर क्षेत्र-पालों को मानसिक प्रणाम कर ब्रह्मा, अनन्त, आधार-शक्ति, मणि-वेदी, स्वर्ण-सिंहासन, अष्ट-शक्ति, आनन्द-कन्द, संविन्नाल, प्रकृति-पात्र, विकार-मय केशर, सर्व-तत्वा-त्मक-पत्र, कमल, सत्व, रज, तम, सूर्य-बिम्ब, चन्द्र-बिम्ब, पञ्चाशद्बीज-मय-कर्णिका, आत्मा, परमात्मा और अन्तरात्मा को प्रणाम करे। फिर जल द्वारा 'हुं' से अपने चारों ओर घेरा करके अपने को वेष्ठित करे। तब **'अस्त्राय फट्'** से तीन बार ताली बजाकर सभी विघ्नों को दूर कर मण्डप के निर्ऋति कोण में **'ॐ ब्रह्मणे नमः, ॐ वास्तु-पुरुषाय नमः'** से पूजन कर आसन स्थापित करे। फिर आसन पर **'आधार-शक्तये नमः, मूल-प्रकृत्यै नमः, कूर्माय नमः, अनन्ताय नमः, ॐ पृथिव्यै नमः'** से पूजा कर विनियोग पढ़े। यथा—**आसन-मन्त्रस्य मेरु-पृष्ठ ऋषिः, सुतलं छन्दः, कूर्मो देवता, आसनोपवेशने विनियोगः।**

तदनन्तर **'शिरसि मेरुपृष्ठ-ऋषये नमः, मुखे सुतलं छन्दसे नमः, हृदि कूर्म-देवतायै नमः'** से न्यास करे।

फिर हाथ जोड़कर प्रार्थना करे—

ॐ पृथ्वि त्वया धृता लोका, देवि त्वं विष्णुना धृता ।
त्वं च धारय मां नित्यं, पवित्रं कुरु चासनम् ।।

इस प्रकार आसन-पूजन कर उस पर बैठे । तब अपने बाएँ **'गुरवे नमः'**, दाएँ **'गणेशाय नमः'**, पीछे **'क्षेत्रपालाय नमः'** और सामने **'रति-कामोपविष्टा-छिन्नमस्तायै नमः'** से प्रणाम कर **'हुं फट्'** से गन्ध-पुष्प को ले उसे मसलते हुये अपने दोनों हाथों का संशोधन कर उस पुष्प को नाराच-मुद्रा से ईशान-दिशा में फेंक दे । फिर ऊपर की ओर तीन बार ताली बजाकर छोटिका मुद्रा से अपने शिर के चारों ओर दस बार चुटकी बजाता हुआ दिग्बन्धन करे । तब **'रं'** वीज का उच्चारण कर अपने चारों ओर जल की धार गिरा-कर अग्नि-प्राकार की कल्पना करे ।

अब भूत-शुद्धि करे । यथा—

३ भूत-शुद्धि

अपनी गोद में अपने दोनों हाथों को ऊर्ध्व-मुख रखकर स्व-हृदय-स्थित प्रदीप-कलिकाकार 'हंस'-स्व-रूप अपनी जीवात्मा को मूलाधार-स्थित कुण्डलिनी के साथ सुषुम्ना-मार्ग से मूलाधार-स्वाधिष्ठान-मणि-पूरक-अनाहत-विशुद्ध-आज्ञा इन षट्-चक्रों का भेदन करते हुये शिर में स्थित अधोमुख सहस्र-दल कमल

की कर्णिका में विद्यमान परमात्मा से संयुक्त कर यह भावना करे कि वहीं पर पृथिवी, अप्, तेज, वायु, आकाश; रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, शब्द; नासिका, जिह्वा, चक्षु, त्वक्, श्रोत्र; वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ; प्रकृति, मन, बुद्धि और अहङ्कार—ये चौबीसों तत्त्व लीन हो गये। फिर अपने बाएँ नासा-पुट में धूम्र-वर्ण वायु-बीज 'यं' की कल्पना कर उसका सोलह बार जप करते हुये वायु से स्व-देह को पूर्ण कर दोनों नासा-पुटों को बन्द कर 'यं' का चौसठ बार जप करते हुये कुम्भक कर अपनी बाईं कोख में पाप-पुरुष का ध्यान करे। यथा—

वाम-कुक्षि-स्थितं पाप-पुरुषं तु कृष्ण-वर्णं।
ब्रह्म-हत्या-शिरः-स्कन्धं, स्वर्ण-स्तेय-भुज-द्वयम् ॥
सुरा-पान-हृदा-युक्तं, गुरु-तल्प-कटि-द्वयम्।
तत्संसर्ग-पद-द्वन्द्वमङ्ग-प्रत्यङ्ग-पातकम् ॥
उप-पातक-रोमाणं, रक्त-श्मश्रु-विलोचनम्।
खड्ग-चर्म-धरं क्रुद्धं, पाप-रूप-भयङ्करम् ॥

इस प्रकार पाप-पुरुष-सहित अपनी देह का शोषण कर बत्तीस बार 'यं' का जप करते हुये दाएँ नासा-पुट से वायु को निकाल दे। तब दाएँ नासा-पुट में रक्त-वर्ण के वह्नि-बीज 'रं' का चिन्तन कर उसका सोलह

बार जप करते हुये वायु भरे और दोनों नासा-पुटों को बन्द कर 'रं' का चौंसठ बार जप करते हुये 'कुम्भक' कर बाईं कोख में स्थित पाप-पुरुष के सहित अपनी देह को दग्ध कर 'रं' का बत्तीस बार जप करते हुये बाईं नासा से दग्ध पाप-पुरुष और देह की भस्म के सहित वायु को निकाल दे। इसके बाद शुक्ल-वर्ण के चन्द्र-वीज 'वं' का बाएँ नासा-पुट में ध्यान कर उसे सोलह बार जपता हुआ पूरक-क्रिया से ललाट में चन्द्रमा को ले जाकर कुम्भक-क्रिया में वरुण-वीज 'वं' का चौंसठ बार जप करते हुये ललाट के चन्द्रमा से गिरते हुये मातृका-वर्णात्मक अमृत से अपनी सारी देह की रचना कर पृथिवी-वीज 'लं' का बत्तीस बार जप कर अपनी उक्त देह को दृढ़ समझता हुआ दाएँ नासा-पुट से वायु का रेचन करे।

४ प्राण-प्रतिष्ठा

इस प्रकार देह का संशोधन कर अपने हृदय पर हाथ रखकर निम्न मन्त्र से प्राण-प्रतिष्ठा करे—**ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं सोहं मम प्राणा इह प्राणा। ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं सोहं मम जीव इह स्थितः। ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं सोहं मम सर्वेन्द्रियाणि। ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं**

वं शं षं सं हौं सोहं मम वाङ्-मनस्त्वक्-चक्षुः-श्रोत्र-घ्राण-प्राणा इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा ।

इस प्रकार प्राण-प्रतिष्ठा करके 'सोहं' मन्त्र से सुषुम्णा-मार्ग से अपने जीव को, तत्त्वों को और कुण्डलिनी को अपने-अपने स्थान में स्थापित करे ।

५ बहिर्मातृका-न्यास

अब बहिर्मातृका-न्यास करे । पहले विनियोग पढ़े । यथा—अस्य श्रीबहिर्मातृका-मन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषिः, गायत्री छन्दः, श्रीमातृका-सरस्वती देवता, हलो बीजानि, स्वराः शक्तयोऽव्यक्तं कीलकं, देह-शुद्धि-सिद्ध्यर्थे विनियोगः ।

ऋष्यादि-न्यास—ॐ ब्रह्मणे ऋषये नमः शिरसि, ॐ गायत्री छन्दसे नमः मुखे, ॐ मातृका-सरस्वती-देवतायै नमः हृदि, ॐ हल्भ्यो बीजेभ्यो नमः गुह्ये, ॐ स्वरेभ्यो शक्तिभ्यो नमः पादयोः । ॐ अव्यक्त-कीलकाय नमः सर्वाङ्गे ।

कर-न्यास—ॐ अं कं खं गं घं ङं आं अंगुष्ठाभ्यां नमः, ॐ इं चं छं जं झं ञं ईं तर्जनीभ्यां स्वाहा, ॐ उं टं ठं डं ढं णं ऊं मध्यमाभ्यां वषट्, ॐ एं तं थं दं धं नं ऐं अनामिकाभ्यां हुं, ॐ ओं पं फं बं भं मं औं कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्, ॐ अं यं रं लं वं शं षं सं हं ळं क्षं अः करतल-करपृष्ठाभ्यां फट् ।

इसी प्रकार हृदयादि-न्यास करके पहले अन्त-मर्तृका-न्यास करे। यथा—

कण्ठे धूम्र-वर्णे षोडश-दले विशुद्धे—ॐ अं नमः। ॐ आं नमः। ॐ इं नमः। ॐ ईं नमः। ॐ उं नमः। ॐ ऊं नमः। ॐ ऋं नमः। ॐ ॠं नमः। ॐ ऌं नमः। ॐ ॡं नमः। ॐ एं नमः। ॐ ऐं नमः। ॐ ओं नमः। ॐ औं नमः। ॐ अं नमः। ॐ अः नमः।

हृदये रक्त-वर्णे द्वादश-दले अनाहते—ॐ कं नमः। ॐ खं नमः। ॐ गं नमः। ॐ घं नमः। ॐ ङं नमः। ॐ चं नमः। ॐ छं नमः। ॐ जं नमः। ॐ झं नमः। ॐ ञं नमः। ॐ टं नमः। ॐ ठं नमः।

नाभौ मेघ-वर्णे दश-दले मणिपूरे—ॐ डं नमः। ॐ ढं नमः। ॐ णं नमः। ॐ तं नमः। ॐ थं नमः। ॐ दं नमः। ॐ धं नमः। ॐ नं नमः। ॐ पं नमः। ॐ फं नमः।

लिङ्ग-मूले विद्युद्वर्णे षट्-दले स्वाधिष्ठाने—ॐ बं नमः। ॐ भं नमः। ॐ मं नमः। ॐ यं नमः। ॐ रं नमः। ॐ लं नमः।

सुवर्ण-वर्णे चतुर्दले मूलाधारे—ॐ वं नमः। ॐ शं नमः। ॐ षं नमः। ॐ सं नमः।

भ्रू-मध्ये श्वेत-वर्णे द्वि-दले आज्ञा-चक्रे-ॐहं नमः।

ॐ क्षं नमः ।

अब शरीर के बाहरी अङ्गों में मातृका-वर्णों का न्यास करे । पहले बाह्य-मातृका-सरस्वती का ध्यान करे । यथा—

पञ्चाशल्लिपिभिर्विभक्ति-मुख-दोःपन्मध्य-वक्ष-स्थलाम् ।
भास्वन्मौलि-निबद्ध-चन्द्र-शकलामापीन-तुङ्ग-स्तनीम् ॥
मुद्रामक्ष-गुणं सुधाढ्य-कलशं विद्यां च हस्ताम्बुजै-
र्विभ्राणां विशद-प्रभां त्रि-नयनां वाग्देवतामाश्रये ॥

इस प्रकार ध्यान कर न्यास करे—

ॐ अं नमः शिरसि । ॐ आं नमः मुख-वृत्ते । ॐ इं नमः दक्ष-नेत्रे । ॐ ईं नमः वाम-नेत्रे । ॐ उं नमः दक्ष-कर्णे । ॐ ऊं नमः वाम-कर्णे । ॐ ऋं नमः दक्ष-नासायाम् । ॐ ॠं नमः वाम-नासायाम् । ॐ ऌं नमः दक्ष-गण्डे । ॐ ॡं नमः वाम-गण्डे । ॐ एं नमः ऊर्ध्व-ओष्ठे । ॐ ऐं नमः अधो ओष्ठे । ॐ ओं नमः ऊर्ध्व-दन्त-पंक्तौ । ॐ औं नमः अधो दन्त-पंक्तौ । ॐ अं नमः ब्रह्म-रन्ध्रे । ॐ अः नमः मुखे ।

ॐ कं नमः दक्ष बाहु-मूले । ॐ खं नमः दक्ष-कूर्परे । ॐ गं नमः दक्ष-मणिबन्धे । ॐ घं नमः दक्ष-अंगुलि-मूले । ॐ ङं नमः दक्ष-कराग्रे । ॐ चं नमः वाम-बाहु-मूले । ॐ छं नमः वाम-कूर्परे । ॐ जं नमः

वाम-मणिबन्धे । ॐ ज्ञं नमः वाम-अंगुलि-मूले । ॐ ञं नमः वाम-कराग्रे । ॐ टं नमः दक्षोरु-मूले । ॐ ठं नमः दक्ष-जानुनि । ॐ डं नमः गुल्फे । ॐ ढं नमः दक्ष-पाद-तले । ॐ णं नमः दक्ष-पादाग्रे । ॐ तं नमः वामोरु-मूले । ॐ थं नमः वाम-जानुनि । ॐ दं नमः वाम-गुल्फे । ॐ धं नमः वाम-पाद-तले । ॐ नं नमः वाम-पादाग्रे । ॐ पं नमः दक्ष-पार्श्वे । ॐ फं नमः वाम-पार्श्वे । ॐ बं नमः पृष्ठे । ॐ भं नमः नाभौ । ॐ मं नमः जठरे । ॐ यं त्वगात्मने नमः हृदि । ॐ रं नमः दक्षांशे । ॐ लं नमः ककुदि । ॐ वं नमः वामांशे । ॐ शं नमः हृदादि दक्ष-करांगुल्यन्तम् । ॐ षं नमः हृदादि-वाम-करांगुल्यन्तम् । ॐ सं नमः नाभ्यादि-वाम-पादान्तम् । ॐ ळं नमः हृदादि-कुक्षौ । ॐ क्षं नमः हृदादि-मुखे ।

६ मूलमन्त्र-प्राणायाम

मूलमन्त्र का एक बार जप करता हुआ पूरक, चार बार जप करता हुआ कुम्भक और दो बार जप करता हुआ रेचन करें। इस प्रकार तीन बार उलट-पुलट कर तीनबार प्राणायाम करे।

७ मन्त्राचमन

'श्रीं ह्रीं हूं' से तीन बार आचमन कर 'ऐं' से

ओष्ठ और अधर का स्पर्श करे। 'ह्रीं ह्रीं' से भी दो बार स्पर्श करे। 'हूं' से दोनों हाथों को धोकर निम्न प्रकार न्यास करे—

८ वीज-न्यास

'श्रीं मुखे, ह्रीं दक्षनासापुटे, हूं वामनासापुटे, ऐं दक्षनेत्रे, क्लीं वामनेत्रे, श्रीं ह्रीं क्लीं दक्षकर्णे, ऐं वामकर्णे, इं नाभौ, क्रों हृदये, क्रों शिरसि।

इस प्रकार न्यास करने के बाद पूजा को आरम्भ करे।

९ इष्ट-पूजा का प्रारम्भ

अपने बाएँ जल-पात्र, दाएँ पुष्पादिक पूजा-सामग्री और सामने दीपादिक स्थापित करे। फिर अपनी बाईं ओर **'गुं गुरुभ्यो नमः'** से गुरुओं को, दाहिनी ओर **'गं गणपतये नमः'** से गणेश को और सामने **'श्रीछिन्नमस्तायै नमः'** से इष्ट-देवता को नमस्कार करे।

विनियोग—**ॐ अस्य श्रीछिन्नमस्ता-मन्त्रस्य क्रोध-भैरव ऋषिः, सम्राट् छन्दः, श्रीछिन्नमस्ता देवता, हूं हूं वीजं *, स्वाहा शक्तिः, इष्ट-सिद्ध्यै विनियोगः।**

ऋष्यादि-न्यास—**शिरसि क्रोध-भैरवाय ऋषये नमः। मुखे सम्राट्-छन्दसे नमः। हृदि श्रीछिन्नमस्तायै**

---

* मन्त्र-महोदधि में वीज 'ह्रीं ह्रीं' लिखा है।

देवतायै नमः। गुह्ये हूं हूं वीजाय नमः। पादयोः स्वाहा शक्तये नमः। इष्ट-सिद्धि-विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।

कर-न्यास—ॐ श्रांखड्गाय स्वाहा कनिष्ठिकाभ्यां। ॐ ईं सुखड्गाय स्वाहा अनामिकाभ्यां। ॐ ऊं वज्राय स्वाहा मध्यमाभ्यां। ॐ ऐं पाशाय स्वाहा तर्जनीभ्यां। ॐ ओं अंकुशाय स्वाहा अंगुष्ठाभ्यां। ॐ अः सुरक्षा रक्ष असुरक्षाय स्वाहा कर-तल-करपृष्ठाभ्यां।※

षडङ्ग-न्यास—ॐ आं खड्गाय हृदयाय नमः स्वाहा। ॐ ईं सुखड्गाय शिरसे स्वाहा स्वाहा। ॐ ऊं वज्राय शिखायै वषट् स्वाहा। ॐ ऐं पाशाय कवचाय हुं स्वाहा। ॐ औं अंकुशाय नेत्र-त्रयाय वौषट् स्वाहा। ॐ अः सुरक्षा रक्ष असुरक्षाय ❀ अस्त्राय फट् स्वाहा।

षोढा-न्यास—(१) श्रीं ऐं क्लीं सौं श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं हौं।

(२) ओं क्रीं स्त्रीं क्रों।

※ मन्त्र-महोदधि में कर-न्यास अंगुष्ठ से प्रारम्भ किया गया है।

❀ मन्त्र-महोदधि में…'सुरक्ष रक्ष ह्रीं ह्रीं अस्त्राय फट्…' दिया है।

(३) ईं हुं फट् ।

(४) श्रीं क्लीं हूं ऐं वज्र-वैरोचनीये हुं हुं फट् स्वाहा ।

(५) श्रीं ह्रीं हूं ऐं वज्र-वैरोचनीये श्रीं ह्रीं ऐं फट् स्वाहा ।

(६) श्रीं ऐं क्लीं सौं श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं हौं ओं श्रीं क्लीं हुं ऐं वज्र-वैरोचनीये हुं हुं फट् स्वाहा ।

उपर्युक्त छः मन्त्रों में से प्रत्येक को मातृका से अन्तरित कर मातृका-वत् सभी मातृका-स्थानों में न्यास करे। यथा—'श्रीं ऐं क्लीं सौं श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं हौं ॐ अं नमः शिरसि ।' इसी प्रकार छहों मन्त्रों से न्यास करे ।

व्यापक-न्यास—मूलमन्त्र से मस्तक से पैर तक और पैर से मस्तक तक न्यास कर पुनः प्रणव से तीन बार व्यापक न्यास करे । अब अन्तर्यजन करे ।

पहले इष्ट-देवता का ध्यान करे । यथा—

अन्तर-स्वशरीरस्य, नाभि-नीरज-संस्थिताम् ।
निर्लेपां त्रिगुणां सौम्यां, बाल-चन्द्र-सम-प्रभाम् ॥
समाधि-मात्र-गम्यां च, गुण-त्रय-समन्विताम् ।
कलातीतां गुणातीतां, भुक्ति-मुक्ति-प्रदां स्मरेत् ॥

इस प्रकार ध्यान कर मानसोपचारों से पूजन करे। यथा—

लं पृथिव्यात्मकं गन्धं श्रीछिन्नमस्ता-पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि—यह पढ़कर अधोमुख-कनिष्ठांगुष्ठ से गन्ध-मुद्रा दिखावे।

हं आकाशात्मकं पुष्पं श्रीछिन्नमस्ता-पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि—यह पढ़कर अधोमुख-तर्जनी-अंगुष्ठ से पुष्प-मुद्रा दिखावे।

यं वाय्वात्मकं धूपं श्रीछिन्नमस्ता-पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि—यह पढ़कर ऊर्ध्व-मुख तर्जन्यंगुष्ठ से धूप-मुद्रा दिखावे।

रं वन्ह्यात्मकं दीपं श्रीछिन्नमस्ता-पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि—यह पढ़कर ऊर्ध्व-मुख मध्यमांगुष्ठ से धूप-मुद्रा दिखावे।

वं अमृतात्मकं नैवेद्यं श्रीछिन्नमस्ता-पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि—यह पढ़कर अनामांगुष्ठ से नैवेद्य मुद्रा दिखावे।

शं शक्त्यात्मकं ताम्बूलं श्रीछिन्नमस्ता-पादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि—यह पढ़कर सर्वांगुलियों से ताम्बूल-मुद्रा दिखावे।

अब सामान्यार्घ्य को स्थापना करे। यथा—

साधक आसन से कुछ हटकर अपनी दाहिनी ओर भूमि पर रक्त-चन्दन से त्रिकोण-वृत्त का एक मण्डल बनावे। फिर उसमें वह **'ॐ ह्रीं आधार-शक्त्यै नमः'** से गन्ध, अक्षत, पुष्प चढ़ाकर आधार-शक्ति का पूजन करे। फिर वह आधार लेकर **'फट्'** मन्त्र से धोकर मण्डल पर स्थापित करे और उसकी **'ॐ सामान्यार्घ्य-पात्राधाराय नमः'** से गन्धाक्षत-पुष्प द्वारा पूजा करे। फिर एक पात्र लेकर **'फट्'** मन्त्र से धोकर उसे आधार पर स्थापित करे। फिर गन्धाक्षत-पुष्प छोड़कर **'ॐ सामान्यार्घ्य-पात्राय नमः'** से उसका पूजन करे। फिर उसमें **'ह्रीं'** मन्त्र पढ़ता हुआ जल भरे। फिर अंकुश मुद्रा द्वारा उस जल में निम्न मन्त्र पढ़ता हुआ सूर्य-मण्डल से तीर्थों का आवाहन करे—

ॐ गङ्गे च यमुने चैव, गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धु कावेरि, जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु॥

फिर **'ॐ गन्धाक्षत-पुष्पं समर्पयामि'** से उसमें गन्ध, अक्षत और पुष्प छोड़े। फिर उस जल में धेनु-मुद्रा दिखाकर उसे अमृत-मय करे। फिर उस पर **'ॐ'** का दस बार जप करे।

इसके बाद शङ्ख-स्थापन करे। अपनी बाईं ओर सामान्यार्घ्य जल से चतुरस्र, उसके मध्य में त्रिकोण बनाकर उस पर त्रिपद को रखे। फिर **'फट्'** से शङ्ख को धोकर उसे त्रिपद पर स्थापित करे। **'ॐ मदंश-कलात्मने वह्नि-मण्डलाय नमः'** से शङ्ख की पूजा करे। **'नमः'** से उसमें गन्ध-पुष्पाक्षत-दूर्वा छोड़कर **'क्षं ळं हं सं षं शं वं लं रं यं मं भं बं फं पं नं धं दं थं तं णं ढं डं ठं टं ञं झं जं छं चं ङं घं गं खं कं अः अं औं ओं ऐं एं ऌं लृं ॠं ऋं ऊं उं ईं इं आं अं मूलं'** का उच्चारण करता हुआ उसे शुद्ध जल से भर दे। फिर **'ॐ सोम-मण्डलाय षोडश-कलात्मने नमः'** से उस जल में पूजन कर उसमें **'ॐ गङ्गे च०'** मन्त्र से सूर्य-मण्डल से तीर्थों का आवाहन करे। तदनन्तर अपने हृदय से **'श्रीछिन्नमस्ते ! इहावह इह तिष्ठ'** से इष्ट-देवता का उस पात्र में आवाहन कर वहीं **'हुं'** से उसका अव-गुण्ठन कर उसे गालिनी-मुद्रा दिखावे। फिर **'वौषट्'** से उस जल का वीक्षण कर, षडङ्ग मन्त्रों से सकली-करण कर, **'नमः'** से गन्ध-पुष्प द्वारा वहाँ देवता का पूजन कर मत्स्य-मुद्रा से उसे आच्छादित कर दस बार मूल-मन्त्र का जप करे। तब **'वं'** से धेनु-मुद्रा दिखा-कर अस्त्र से उसका संरक्षण करे। तब उस जल से अपना और पूजा-सामग्री का मूलमन्त्र-उच्चारणपूर्वक

तीन बार अभिषिञ्चन करे।*

अब यन्त्र-राज की स्थापना के लिए एक सुन्दर चौकी अपने सामने रखे। फिर एक अच्छी सुन्दर तश्तरी में श्री भगवती छिन्नमस्ता के आवाहन-पूजन के लिए अष्ट-गन्ध या लाल चन्दन से उनके यन्त्र की रचना करे। यथा—

पहले एक अधोमुख त्रिकोण बनावे। उस त्रिकोण के मध्य में तीन वृत्त बनावे। फिर सबसे भीतर के वृत्त में तीन द्वारों वाला एक अधोमुख त्रिकोण बनावे। इसके बाद प्रथम त्रिकोण के बाहर एक अष्ट-कोण और उसके बाहर एक अष्ट-दल की रचना करे। अष्ट-दल के बाहर तीन रेखावाले चार द्वारों से युक्त भूपुर की रचना करे। सबसे भीतर के त्रिकोण के मध्य में 'हूं' और प्रथम त्रिकोण के तीनों कोणों में 'हूं फट्' लिखे।

इस प्रकार यन्त्र बनाकर और उस तश्तरी को सामने की चौकी पर रखकर पीठों का पूजन सबसे

---

*शङ्ख-स्थापन के अनन्तर वीर साधक कलश-स्थापन तथा द्वितीयादि का शोधन कर श्रीपात्रादि की स्थापना करते हैं। फिर विन्दु-स्वोकार-पर्यन्त कर्म कर यन्त्र-राज की रचना करते हैं।

भीतर के त्रिकोण के मध्य में करे। यथा—

ॐ आधार-शक्तये नमः, ॐ कूर्माय नमः, ॐ अनन्ताय नमः, ॐ पृथिव्यै नमः, ॐ क्षीर-समुद्राय नमः, ॐ रत्न-दीपाय नमः, ॐ कल्प-वृक्षाय नमः, ॐ चिन्तामणि-गृहाय नमः, ॐ रत्न-वेदिकायै नमः।

रत्न-वेदिका की आठों दिशाओं में—**ॐ धर्माय नमः** पूर्व में, **ॐ ज्ञानाय नमः** दक्षिण में, **ॐ वैराग्याय नमः** पश्चिम में, **ॐ ऐश्वर्याय नमः** उत्तर में, **ॐ अधर्माय नमः** आग्नेय-कोण में, **ॐ अज्ञानाय नमः** नैर्ऋत्य-कोण में, **ॐ अवैराग्याय नमः** वायव्य-कोण में, **ॐ अनैश्वर्याय नमः** ईशान-कोण में।

रत्न-वेदिका के मध्य में—**ॐ पद्माय नमः।**

पद्म के नीचे—**आनन्द-कन्दाय नमः, सम्विन्नालाय नमः, सर्व-तत्वात्मक कमलाय नमः। मं वह्नि-मण्डलाय नमः, अं अर्क-मण्डलाय नमः, उं सोम-मण्डलाय नमः, सं सत्वाय नमः, रं रजसे नमः, तं तमसे नमः, आं आत्मने नमः, अं अन्तरात्मने नमः, पं परमात्मने नमः, ह्रीं ज्ञानात्मने नमः।**

पद्म के मध्य में—**रति-कामाभ्यां नमः।**

अब पद्म के आठ दलों में पूर्वादि-क्रम से आठ पीठ-शक्तियों की पूजा करे। यथा—

ॐ जयायै नमः, ॐ विजयायै नमः, ॐ अजितायै

नमः, ॐ अपराजितायै नमः, ॐ नित्यायै नमः, ॐ विलासिन्यै नमः, ॐ दोग्ध्र्यै नमः, ॐ अघोरायै नमः।

फिर नवीं पीठ-शक्ति का 'ॐ मङ्गलायै नमः' से पद्म के मध्य में पूजन करे।

अब भगवती छिन्नमस्ता का ध्यान अपने नाभि-मण्डल में करे। यथा—

स्व-नाभौ नीरजं ध्यायेदर्धं विकसितं सितं।
तत्पद्म-कोष-मध्ये मण्डल-चण्ड-रोचिषः॥
जपा-कुसुम-सङ्काशं रक्त-बन्धूक-सन्निभं।
रज.-सत्व-तमो रेखा-योनि-मण्डल-मण्डितम्॥
पध्ये तु तां महादेवीं सूर्य-कोटि-सम-प्रभाम्।
छिन्नमस्तां करे वामे धारयन्तीं स्व-मस्तकम्॥
प्रसारित-मुखीं भीमां लेलिहानाग्र-जिह्विकां।
पिबन्तीं रौधरीं धारां निज-कण्ठ-विनिर्गतां॥
विकीर्ण-केश-पाशाञ्च नाना-पुष्प-समन्वितां।
दक्षिणे च करे कर्त्रीं मुण्ड-माला-विभूषितां॥
दिगम्बरां महाघोरां प्रत्यालीढ-पद-स्थिताम्।
अस्थि-माला-धरां देवीं नाग-यज्ञोपवीतिनीम्॥
रति-कामोपरिष्ठांच सदा ध्यायन्ति मन्त्रिणः।
सदा षोडश-वर्षीयां पीनोन्नत-पयोधराम्॥

देवी के दाहिनी ओर खड़ी वर्णिनी शक्ति का ध्यान करे। यथा—

वर्णिनीं लोहितां सौम्यां मुक्त-केशीं दिगम्बरां ।
देवी-गलोच्छलद्रक्त-धारा-पानं प्रकुर्वतीम् ॥
नाग-यज्ञोपवीताङ्गीं कर्त्रि-खर्पर-हस्तकाम् ।
ज्वलत्तेजोमयीं देवीं प्रत्यालीढ-पद-स्थिताम् ॥
सदा द्वादश-वर्षीयां मुण्ड-माला-विभूषिताम् ।

देवी के बाईं ओर खड़ी डाकिनी शक्ति का ध्यान करे। यथा—

डाकिनीं वाम-पार्श्वे तु कल्पान्त-दहनोपमाम् ।
विद्युच्छटाभ-नयनां दन्त-पंक्ति-वलाकिनीम् ॥
दंष्ट्रा कराल-वदनां पीनोन्नत-पयोधराम् ।
महादेवीं महाघोरां मुक्त-केशीं दिगम्बराम् ॥
लेलिहान-महा-जिह्वां मुण्ड-माला-विभूषिताम् ।
कपाल-कर्त्रिका-हस्तां सदा भीषण-रूपिणीम् ॥
देवी-गलोच्छलद्रक्त-धारा-पानं प्रकुर्वतीम् ।

इस प्रकार ध्यान करता हुआ भगवती छिन्नमस्ता का यन्त्र-राज के भीतरी त्रिकोण के मध्य में ध्यान करता हुआ उनको निम्न मन्त्र से आसन प्रदान करे—
वज्र-वैरोचनीये एहि एहि इहासनं गृह्ण गृह्ण मम सिद्धिं देहि देहि मम शत्रून् मारय मारय हुं हुं फट् स्वाहा ।

यह मन्त्र पढ़कर पद्म-मुद्रा से पुष्प का आसन प्रदान करे। फिर उस पुष्पासन का पूजनकर पुष्पाञ्जलि

देकर देवी का निम्न मन्त्र से आवाहन करे—**सर्व-सिद्धिप्रदे डाकिनीये वज्र-वैरोचनीये एहि एहि इहावह इह तिष्ठ हुं हुं फट् स्वाहा ।**

इस प्रकार आवाहन कर धेनु और योनि मुद्राएँ दिखाकर प्राण-प्रतिष्ठा करे । यथा—

आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हं हौं हंसः छिन्न-मस्तायाः प्राणा इह प्राणाः । आं ह्रीं क्रों·····हंसः छिन्नमस्तायाः जीव इह स्थितः । आं ह्रीं क्रों···हंस छिन्नमस्तायाः सर्वेन्द्रियाणि । आं ह्रीं क्रों·····हंसः छिन्नमस्तायाः वाङ्-मनश्चक्षुः-श्रोत्र-घ्राण-प्राण-पदानि इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा ।

प्राण-प्रतिष्ठा कर चुकने पर हाथ जोड़कर प्रार्थना करे—

देवेशि भक्ति-सुलभे परिवार-समन्विते ।
यावत्त्वां पूजयिष्यामि तावत् त्वं सुस्थिरा भव ॥

